**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.7-1/2019-हिं.अ. दिनांक: 11.03.2020

**विषय: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की वेबसाइट द्विभाषी होने संबंधी।**

कृपया उपर्युक्त विषयक हिंदी अनुभाग के दिनांक 18.02.2020 के समसंख्यक पत्र का अवलोकन करें (प्रति संलग्न)।

आपसे अनुरोध है कि इस संबंध में अभी तक की गई कार्रवाई की सूचना हिंदी अनुभाग को दिनांक 19.03.2020 तक उपलब्ध कराने की कृपा करें ताकि तत्संबंधी सूचना समेकित करके निदेशक महोदय की अध्यक्षता में संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 26.03.2020 को आयोजित होने वाली बैठक में प्रस्तुत की जा सके।

कृपया आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

11.3.20

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं
सदस्य-सचिव

उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) महोदय

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
12 MAR 2020
समय / Time 12:25
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

श्री संजीव कुमार
उचित कार्यवाही हेतु।

12/3/20

# <u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.7-1/2019-हिं.अ.  दिनांक: 18.02.2020

**विषय: <u>संस्थान की वेबसाइट द्विभाषी होने संबंधी।</u>**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 16.12.2019 को एक बैठक आयोजित हुई थी जिसका कार्यवृत्त दिनांक 04.02.2020 को जारी किया गया था। इस कार्यवृत्त की मद सं. 07 के अनुसार निम्नलिखित निर्णय लिया गया था:-

**"संस्थान की वेबसाइट को द्विभाषी रूप में अद्यतन रखा जाए।"**

अत: अनुरोध है कि संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय के अनुपालन में उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा इस विषय में की गई कार्रवाई की सूचना हिंदी अनुभाग को भी दी जाए।

कृपया आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत है।

18.02.2020

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं
सदस्य-सचिव

<u>उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) महोदय</u>

पी- 3105822
हिंदी अनुभाग/Hindi Section
अ.भा.आ.सं./A.I.I.M.S.
आवती संख्या/D.No. 2383
दिनांक/Date 18-02-2020